देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 17 मार्च 2022। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक आज नालंदा परिसर, में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के लगभग 277 करोड़ 48 लाख रूपये के वार्षिक बजट को माननीय कार्यपरिषद् सदस्यों द्वारा सहमति प्रदान की गई। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में स्थापित विभिन्न शोधपीठों हेतु बजट में प्रवाधान किये गये जो इस प्रकार हैं:–

संत सिंगा जी शोधपीठ हेतु रू. 10.00 लाख, गाँधी शोधपीठ हेतु रू. 8.00 लाख, संत रविदास शोधपीठ हेतु रू. 6.00 लाख । इसके साथ ही गणित शोध केन्द्र के लिए रू. 10.00 लाख का प्रवाधान किया गया तथा बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए एक प्रकोष्ठ स्थापित किया जाए, इस हेतु भी 10.00 लाख रूपये का प्रवाधान बजट में किया गया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जिन विषयों में अभी तक विद्यार्थियों हेतु स्वर्ण पदक नहीं उपलब्ध हैं उन विषयों की पहचान कर उनमें भी स्वर्ण पदक की स्थापना की जाये तथा इस हेतु दानदाताओं से आग्रह करने का भी निर्णय लिया गया।

विश्वविद्यालय की सोशल साईंस अध्ययनशाला के अंतर्गत चार नए विषयों :– लोक प्रशासन, दर्शन शास्त्र, इतिहास एवं भूगोल में नए पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की अनुमति माननीय कार्यपरिषद् सदस्यों द्वारा प्रदान की गई।

विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर सेंटर में परीक्षा परिणाम तैयार करने हेतु नये सॉफ्टवेयर के क्रय एवं रख–रखाव के अनुबंध का अनुमोदन कार्यपरिषद् द्वारा किया गया।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी